tnkalvi.online

No. of Printed Pages : **6**

8406

Register Number | | | | | | | |

Language – Part I – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours] [Maximum Marks : 90

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई भी कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीली** या **काली** स्याही का उपयोग करें।

भाग - I / PART - I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए। **14x1=14**

Choose the **correct** answer.

1. कबीरदास की समस्त कृतियाँ _____ भागों में विभक्त हैं।

(क) चार (ख) पाँच (ग) तीन

2. सूरदास ने _____ की लीलाओं का वर्णन किया है।

(क) शिवजी (ख) श्रीकृष्ण (ग) श्रीराम

3. श्री रामनरेश त्रिपाठी का जन्म _____ में हुआ था।

(क) सन् 1889 (ख) सन् 1909 (ग) सन् 1809

4. सुभद्राकुमारी चौहान की कविताएँ _____ में संकलित हैं।

(क) मिलन (ख) पता नहीं (ग) मुकुल

5. सुब्रह्मण्य भारती _____ के कवि हैं।

(क) तमिल (ख) हिन्दी (ग) तेलुगु

6. गजानन माधव 'मुक्तिबोध' का जन्म _____ में हुआ था।

(क) बंगाल (ख) काशी (ग) ग्वालियर

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

7. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म एक संपन्न _____ परिवार में हुआ था।
(क) जुलाहे (ख) किसान (ग) पुलिस

8. हिंसा का पहला चरण _____ है।
(क) घृणा (ख) क्रोध (ग) प्रेम

9. आजकल _____ का युग है।
(क) विज्ञान (ख) कला (ग) विज्ञापन

10. आधुनिक विज्ञान में _____ का स्थान बहुत ऊँचा है।
(क) वास्को-द-गामा (ख) चार्लस डारविन (ग) कोलम्बस

11. भारत का पड़ोसी देश _____ है।
(क) रूस (ख) जर्मनी (ग) चीन

12. _____ एक आदर्श प्रेम की कहानी है।
(क) दोपहर का भोजन (ख) पूस की रात (ग) उसने कहा था

13. पोस्टमास्टर _____ के थे।
(क) कलकत्ता (ख) तमिलनाडु (ग) पंजाब

14. 'मुख्य मंत्री' शब्द का अंग्रेजी पर्याय _____ है।
(क) Defence Minister (ख) Chief Minister (ग) Prime Minister

भाग - II / PART - II

अनुभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x2=6**

Answer **any three** of the following.

15. पत्थर पर तीर चलाने का नतीजा क्या होता है?

16. हमारे देश का मस्तक कैसे शोभित है?

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

17. अंग्रेज़ भारत में किस रूप में आए थे ?

18. 'नाचेंगे हम' कविता का कवि कौन हैं ?

अनुभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x2=4**

Answer **any two** of the following.

19. हिंदुस्तान की आत्मा क्या है ?

20. विज्ञापन को आकर्षक बनाने के लिए पहली आवश्यकता क्या होती है ?

21. बचपन में लेखिका को लोग क्या कहकर चिढ़ाया करते थे ?

अनुभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **7x2=14**

Answer **any seven** of the following.

22. पर्यायवाची शब्द लिखिए :
    (अ) परिणाम
    (आ) विद्यार्थी

23. समास का विग्रह करके समास का नाम बताइए :
    (अ) नर-नारी
    (आ) आजीवन

24. अंग्रेजी रूप लिखिए :
    (अ) अध्यक्ष
    (आ) जमा खाता
    (इ) राष्ट्रपति
    (ई) सहायक

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

25. रेखांकित शब्द का पद परिचय दीजिए :

राम अपने बड़े भाई के साथ दिल्ली गया।

26. शुद्ध कीजिए :

(अ) हम हमारे देश से प्यार करते हैं।

(आ) गोपाल गाना गाया।

27. समास किसे कहते हैं?

28. लहनासिंह ने युद्ध में घायल होकर किसको बचाया?

29. उजड़े खेत को देखकर मुन्नी ने क्या किया?

30. पोस्टमास्टर के इस्तीफे का कारण क्या था?

भाग - III / PART - III

अनुभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following questions.

31. भगवान की प्रतिज्ञा को सत्य प्रमाणित करने के लिए सूर ने कौन-सा तर्क रखा?

32. बचपन में लक्ष्मीबाई किस प्रकार का खेल खेलती थी?

33. आज़ादी के बाद के भारत की कल्पना कवि भारती ने कैसे की है?

34. 'पता नहीं' शीर्षक का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

अनुभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

35. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

हँसमुख चेहरा, बातचीत का ढंग, थोड़ी चतुराई व साहस ये ही दो-चार बातें किसी में देखकर लोग चटपट उसे अपना मित्र बना लेते हैं।

36. पटेल का स्वभाव कैसा था?

37. घुमक्कड़ धर्म से विमुख होने के दुष्परिणाम क्या-क्या हैं?

38. लेखिका के लिए उस चीनी फेरीवाले को भूलना क्यों असंभव-सा था?

अनुभाग - 3 / SECTION - 3

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x4=12**

Answer **any three** of the following.

39. सही जोड़ मिलाइए :

(क) झाँसी की रानी	-	मुंशी प्रेमचंद
(ख) हिमालय	-	सुभद्राकुमारी चौहान
(ग) वह चीनी भाई	-	रामधारी सिंह दिनकर
(घ) पूस की रात	-	महादेवी वर्मा

40. अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(अ) अनुकरण करना

(आ) घोषणा करना

41. पुस्तकें मँगवाते हुए किसी प्रकाशन संस्था को पत्र लिखिए।

42. यमक अथवा उपमा अलंकार उदाहरण सहित समझाइए।

43. चौपाई अथवा सोरठा छंद उदाहरण सहित समझाइए।

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

भाग - IV / PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। **3x6=18**

Answer the following in detail.

44. (अ) 'नाचेंगे हम' कविता का सारांश लिखिए।

अथवा

(आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सच्चा मित्र एक अमूल्य रत्न होता है, जिसकी प्राप्ति सुगम नहीं। यह भाग्य से ही किसी महापुरुष को मिलता है। मनुष्य मित्र-प्रेम के सम्मुख माता की ममता, पिता का प्रेम, बहन का स्नेह, भाई का प्रेम और बन्धु-बान्धुवों का अनुराग सब कुछ भूल जाता है। जो बात हम पिता से, माता से कहते हुए डरते हैं, वह बात मित्र को कह देते हैं। मित्र हमारे सुख-दुख का संगी होता है, विपत्ति में सहायक और आड़े समय में काम आनेवाला होता है।

प्रश्न :

(i) गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) सच्चे मित्र की तुलना किस चीज़ से की गयी है?

(iii) कौन-सी बातें हम मित्र को कह देते हैं?

(iv) मित्र की विशेषता क्या है?

45. (अ) मेरे प्रिय नेता पर एक अनुच्छेद लिखिए।

अथवा

(आ) सच्चे मित्र के लक्षण बताइए।

46. (अ) 'पूस की रात' कहानी का मुख्य विषय क्या है?

अथवा

(आ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

There is very sweet water inside the coconut. People use the Kernel of the coconut in many ways. When the ripe Kernel is dried, it is called "Kopra". Coconut oil is used for cooking and as hair oil. Coconut tree leaves are used for making mats and fibre is used to make ropes, bags and many other useful articles.

भाग - V / PART - V

कंठस्थ भाग : **(अनिवार्य प्रश्न)** **1x6=6**

Quote from memory : **(Compulsory)**

47. कबीर के कोई तीन दोहे लिखिए।

- o O o -

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share